भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1094

दिनांक 29 जुलाई, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

रामगढ़ को एबी-पीएमजेएवाई के तहत धन आवंटन

1094 # श्री खीरू महतोः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले को केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित राशि का ब्यौरा क्या है और इसे किन-किन मदों के तहत आवंटित किया गया है; और

(ख) झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले में एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत लाभान्वित हुए रोगियों की संख्या क्या है और केन्द्र सरकार द्वारा इसके लिए कितनी राशि आवंटित की गई है तथा राज्य मद से कितनी राशि को आवंटित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): आयुष्मान भारत का वित्तपोषण - प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) पूरी तरह से मांग आधारित है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त वास्तविक मांग के आधार पर योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को निधि जारी करता है। राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के अनुसार निधि का कोई आवंटन नहीं है। एनएचए द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, प्रत्येक नई निधि जारी करने से पहले राज्य पूर्व में प्राप्त निधि का उपयोग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हैं।

एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत झारखंड राज्य को जारी निधि का विवरण निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	झारखंड को जारी की गई निधि का केंद्रीय हिस्सा (करोड़ रुपये में)
2020-21	100.32
2021-22	7.98
2022-23	0
2023-24	83.55
2024-25	341.41

इसके अलावा, आज की स्थिति के अनुसार, झारखंड के रामगढ़ जिले में इस योजना के तहत 115.29 करोड़ रुपये की लागत से कुल 79,859 अस्पताल में भर्तियाँ प्राधिकृत की गई हैं।

*****